# INTERNATIONAL INDIAN SCHOOL,DAMMAM

## SUMMATIVE ASSESSMENT-2

CLASS-9 MARKS-90

SUB-HINDI TIME-3HRS 30 MIN

---

निर्देश : इस प्रश्न-पत्र के चार खंड हैं-'क', 'ख', 'ग' और 'घ' ।
सभी प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार ही दें ।

### खंड-क

**(1) निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए-** (10)

गुरु नानकदेव का आविर्भाव आज से लगभग पाँच सौ वर्ष पूर्व हुआ। भारतवर्ष की मिट्टी में युग के अनुरूप महापुरुषों को जन्म देने का अद्भुत गुण है। आज से पाँच सौ वर्ष पहले का देश अनेक कुसंस्कारों में उलझा था । जातियों, सम्प्रदायों, धर्मों के संकीर्ण कुलाभिमानों से वह खंड विच्छिन्न हो गया था । देश में नए धर्म के आगंतुकों के कारण एक ऐसी समस्या उठ खड़ी हुई थी, जो इस देश के हज़ारों वर्षों के लम्बे इतिहास से अपरिचित थी । ऐसे ही दुर्घट काल में इस देश की मिट्टी ने ऐसे अनेक महापुरुषों को उत्पन्न किया, जो सड़ी रूढियों, मृतपाय आचारों, बासी विचारों और अर्थहीन संकीर्णताओं के विरुद्ध प्रहार करने में कुंठित नहीं हुए और इन जर्जर बातों से परे सब में विद्यमान सब को नयी ज्योति और नया जीवन प्रदान करने वाले महान जीवन देवता की महिमा प्रतिष्ठित करने में समर्थ हुए । इन संतों की ज्योतिष्क मंडली में गुरु नानकदेव ऐसे संत हैं, जो शरत काल के पूर्ण चन्द्र की तरह ही स्निग्ध, उसी प्रकार शांत-निर्मल उसी प्रकार रश्मि के भंडार थे । कई संतों ने कस-कस के चोंटें मारी, व्यंग्य-बाण छोड़े तर्क की छुरी चलाई, पर महान गुरु नानकदेव ने सुधा लेप का काम किया । यह आश्चर्य की बात है की विचार और आचार की दुनिया में इतनी बड़ी क्रांति ले आने वाला यह संत इतने मधुर,इतने स्निग्ध, इतने मोहक वचनों को बोलने वाला है । किसी का दिल दुखाए बिना, किसी पर आघात किए बिना, कुसंस्कारों को छिन्न करने की शक्ति रखने वाला, नई संजीवनी धारा से प्राणिमात्र को उल्लसित करने वाला यह संत मध्यकाल की ज्योतिष्क मंडली में अपनी निराली शोभा से शरत पूर्णिमा के पूर्णचन्द्र की तरह ज्योतिष्मान है । आज उसकी याद आए बिना नहीं रह सकती । उन्हों ने मृत्यु-पर्यंत हिन्दू-मुसलमानों के तीव्र मतभेदों को दूर करने की सफल चेष्टा की । इनके शिष्यों में हिन्दू व मुसलमान दोनों ही थे । इनके अनुयायी बाद में सिक्ख कहलाये और उन्होंने उनके सिद्धांतों को 'ग्रंथ-साहिब' में संगृहीत किया ।

क) आज से पाँच सौ वर्ष पहले देश की क्या स्थिति थी ? 2

ख) देश में नए धर्म के आगंतुकों के कारण कौन-सी समस्या खड़ी हो गई थी ? 2

ग) गुरु नानकदेव मध्यकाल की ज्योतिष्क मंडली में अपने किन गुणों के कारण शरत पूर्णिमा के पूर्णचन्द्र की तरह ज्योतिष्मान थे ? 2

घ) गुरु नानक के विषय में दो वाक्य लिखिए । 2

ड) गुरु नानक के अनुयायी क्या कहलाए ? 1

च) उपर्युक्त गद्यांश के लिए उचित शीर्षक लिखिए । 1

**(2) मुक्त पाठ्य पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए-** (10)

क) आलू चिप्स किस तरह हमारे स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होते हैं ? 5

ख) फास्ट फूड की समस्या को रोकने के लिए क्या करना चाहिए ? 5

**खण्ड-ख**

**3) निम्नलिखित शब्दों का वर्ण-विच्छेद कीजिए-** 2

वैज्ञानिक, परिश्रम

4) (क) उचित स्थान पर अनुस्वार का प्रयोग कीजिए- 1

हिदी,कपन

(ख) उचित स्थान पर अनुनासिक का प्रयोग कीजिए- 1

चाद,दात

(ग) उचित स्थान पर नुक्ता का प्रयोग कीजिए- 1

फिल्म,जमीन

(घ) 'इक' प्रत्यय के योग से दो शब्द बनाइए। 1

(ङ) 'अभाव' शब्द से मूल शब्द व प्रयुक्त उपसर्ग को अलग-अलग करके लिखिए। 1

(च) 'रंगीला' शब्द से मूल शब्द व प्रत्यय अलग कीजिए। 1

**5) (क) संधि कीजिए-** 2

तथा+एव, महा+आत्मा, यथा+अर्थ, प्रति+एक

(ख) संधि विच्छेद कीजिए- 2

हिमालय, सूर्योदय, सदैव, इत्यादि

**6) उचित विराम चिह्नों का प्रयोग कीजिए-** 3

(क) शिक्षक ने कहा घर जाओ

(ख) हाय यह क्या कर दिया मैं ने

(ग) रमेश सुरेश महेश और वीरेन्द्र घूमने गए

**खंड-ग**

**7) किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में लिखिए-** 5

(क) रामन के लिए नौकरी बदलने का निर्णय कठिन क्यों था?

(ख) कीचड़ के टुकड़े खोपरे जैसे कब दिखाई देते हैं?

(ग) चालाक लोग साधारण आदमी की किस अवस्था का लाभ उठाते हैं?

**8) किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखिए-** 5

(क) महादेव जी की लिखावट की क्या विशेषताएँ थी?

(ख) रामन् की खोज 'रामन् प्रभाव' क्या है?

**9) निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए-**

हमारा अन्न कीचड़ में से ही पैदा होता है इसका जाग्रत भान यदि हर एक मनुष्य को होता तो वह कभी कीचड़ का तिरस्कार न करता। एक अजीब बात तो देखिए। पंक शब्द घृणास्पद लगता है, जबकि पंकज शब्द सुनते ही कवि लोग डोलने और गाने लगते हैं। मल बिल्कुल मलिन माना जाता है किन्तु कमल शब्द सुनते ही चित्त में प्रसन्नता और आह्लादकत्व फूट पड़ते हैं। कवियों की ऐसी युक्तिशून्य वृत्ति उनके सामने हम रखें तो वे कहेंगे कि "आप वासुदेव की पूजा करते हैं इसलिए वसुदेव को तो नहीं पूजते, हीरे का भारी मूल्य देते हैं किन्तु कोयले या पत्थर का नहीं देते और मोती को कंठ में बाँधकर फिरते हैं किन्तु उसकी मातुश्री को गले में नहीं बाँधते!" कम-से-कम इस विषय पर कवियों के साथ तो चर्चा न करना ही उत्तम!

(क) मानव कीचड़ का तिरस्कार कब नहीं करेगा? 1

(ख) 'पंक' और 'पंकज' शब्द में क्या अंतर है? 2

(ग) लेखक ने कवियों के विषय में क्या कहा है? 2

**(10) किसी एक प्रश्न का उत्तर दीजिए-** 5

(क) 'खुशबू रचते हैं हाथ' कविता लिखने का कवि का मुख्य उद्देश्य क्या है?

(ख) 'अग्निपथ' कवि ने किसे कहा है और क्यों?

**(11) निम्नलिखित काव्यांशों में से किसी एक पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए-**

गाकर गीत विरह के तटिनी
वेगवती बहती जाती है,
दिल हलका कर लेने को
उपलों से कुछ कहती जाती है।
तट पर एक गुलाब सोचता,
"देते स्वर यदि मुझे विधाता,
अपने पतझर के सपनों का
मैं भी जग को गीत सुनाता।"

(क) कवि तथा कविता का नाम लिखिए- 1

(ख) तटिनी किस तरह से अपना दिल हलका करती है? 2

(ग) गुलाब क्या सोचता है? 2

**अथवा**

देख रहा था-जो सुस्थिर हो
नहीं बैठती थी क्षण-भर,
हाय!वही चुपचाप पड़ी थी
अटल शांति-सी धारण कर।
सुनना वही चाहता था मैं
उसे स्वयं ही उकसाकर-
मुझको देवी के प्रसाद का

एक फूल ही दो लाकर!

(क) कवि तथा कविता का नाम लिखिए- 1

(ख) सुखिया का स्वभाव कैसा था? 2

(ग) पिता बेटी को उकसाकर क्या सुनना चाहता था? 2

12) 'हामिद खाँ' पाठ के माध्यम से लेखक ने क्या शिक्षा देनी चाही है? 5

**अथवा**

गांधी जी के पार उतारने पर भी लोग नदी तट पर क्यों खड़े रहे?उनकी इस प्रतिक्रिया से क्या सीख मिलती है?

**खंड-घ**

**13) संकेत बिन्दुओं के आधार पर किसी एक विषय पर लगभग 80-100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए-** 5

(क) हमारे राष्ट्रीय त्योहार

*राष्ट्र की परिभाषा *मुख्य राष्ट्रीय त्योहार *राष्ट्रीय त्योहारों का महत्त्व *निष्कर्ष

(ख) वृक्षारोपण

*भूमिका *वन-महोत्सव *वृक्षों से लाभ *उपसंहार

(ग) इंटरनेट-एक नई क्रांति

*भूमिका *लाभ एवं उपयोग *हानि *उपसंहार

14) चाचा जी द्वारा अपने जन्मदिवस पर भेजे गए उपहार के लिए उन्हें धन्यवाद पत्र लिखिए। 5

**अथवा**

परीक्षा में प्रथम आने पर छोटे भाई को बधाई पत्र लिखिए।

15) बढ़ती जनसंख्या पर चिंता व्यक्त करते हुए दो मित्रों के बीच में होने वाले संवाद लिखिए। 5

16) नए मोबाइल फोन हेतु विज्ञापन तैयार कीजिए। 5

17) नीचे दिए गए चित्र को देखकर अपने विचारों का 20-30 शब्दों में वर्णन कीजिए। 5

